मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-55
24/01/2020

मुख्यमंत्री ने डॉ0 खगेन्द्र ठाकुर के श्राद्धकर्म में भाग लिया

पटना, 24 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हिन्दी के जाने–माने साहित्यकार एवं आलोचक रहे डॉ0 खगेन्द्र ठाकुर के राजीव नगर स्थित आवास जाकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके श्राद्धकर्म में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्व0 खगेन्द्र ठाकुर के परिजनों से भी मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा तथा स्व0 खगेन्द्र ठाकुर के परिजन उपस्थित थे।

******